पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 10 वांछित अभियुक्त व NBW में 01 वारण्टी गिरफ्तार।

दिनांक- 04.10.2024

दिनांक- 03/04.10.2024 को-

01- थाना चिनहट में पंजीकृत मु0अ0सं0 470/24 धारा 352/109/190/191(2)/191(3)/3(5) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित 05 अभियुक्तों 01- विपुल सिंह 02- आशुतोष यादव 03-शिवम सिंह उर्फ शिव विरेन्द्र सिंह 04- ओमकार यादव 05-वैभव सिंह

02- थाना माल में पंजीकृत मु0अ0सं0 292/2024 धारा 10 यू0पी0 गुण्डा अधि0 से सम्बन्धित अभियुक्त दिनेश पासी

03-थाना रहीमाबाद में पंजीकृत मु0अ0सं0 192/2024 धारा 137(2)/87/352/351(3) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त सुनील

04-थाना सरोजनीनगर में पंजीकृत मु0अ0सं0 403/2024 धारा 303(2)/317(2)BNS से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01-साजेब अहमद 02- तबरेज खान

05-थाना ठाकुरगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 466/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शिवा त्रिपाठी गिरफ्तार।

एवं

NBW में थाना काकोरी से 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

जोन-पश्चिमी

दुर्घटना-थाना ठाकुरगंज

आज दिनांक 04.10.2024 को वादी श्री विजय कुमार पुत्र राम सहाय निवासी शिवपुरी थाना राम कोट जनपद सीतापुर ने थाना ठाकुरगंज पर लिखित सूचना दिया कि दिनांक 03.10.2024 को दोपहर करीब 19.50 बजे वादी के पिता राम सहाय उम्र करीब 55 वर्ष और माता श्रीमती सरला उम्र करीब 52 वर्ष वादी की बहन सरिता पत्नी बाबू राम निवासिनी बारवन खुर्द जो किराये का मकान लेकर लखनऊ में निवास करती है जिससे मिलने हेतु गये थे,सीतापुर बाइपास रोड क्रॉस करते समय आईआईएम रोड की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन द्वारा वादी के माता-पिता को लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुये टक्कर मारकर अज्ञात चालक मौके से भाग गया और वादी के माता-पिता को पुलिस द्वारा एम्बुलेन्स द्वारा अस्पताल भेजा गया । जहाँ डॉक्टरो द्वारा वादी के माता-पिता को मृत घोषित कर दिया गया । **वादी की सूचना के आधार पर तत्काल मु0अ0सं0 468/2024 धारा 281/106(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

आत्महत्या-थाना ठाकुरगंज-

आज दिनांक 04-10-2024 को श्री रोहित कपूर पुत्र विनोद बिहारी निवासी-सेमरा, चिनहट, लखनऊ ने थाना स्थानीय पर सूचना दी, जिसमें उनके बहनोई अमित आर्य पुत्र राजकुमार आर्य उम्र करीब 45 वर्ष व बहन मोनिका अरोड़ा पत्नी अमित आर्य उम्र करीब 47 वर्ष निवासीगण-गूंगा बहरा स्कूल के पास मिश्री की बगिया बालागंज जनपद लखनऊ ने अंदर से कमरा बंद कर बहन ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर व बहनोई ने पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। कुछ समय से बहन मोनिका अरोड़ा की किडनी में इंफेक्शन था जिसके कारण पेट में पानी भर गया था जिसका इलाज चल रहा था, जिस परेशानी से तंग आकर दोनों ने आत्महत्या कर ली है। **सूचना पर तत्काल श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी महोदय के द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त चौक व प्रभारी निरीक्षक ठाकुरगंज व फोर्स के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट को बुलाकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

मारपीट कर हत्या-थाना तालकटोरा-

दिनांक 04.10.2024 को वादी श्री आलोक कुमार सिंह ग्राम व पोस्ट बहलोलपुर थाना, कासिमपुर जनपद हरदोई ने थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दी जिसमें वादी का भाई अनमोल सिंह उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र सुरेश पाल सिंह जो कि हिन्द टेन्ट हाउस आलम नगर (निकट लाल मस्जिद) थाना तालकटोरा लखनऊ में कार्य करता था। उसके भाई को टेन्ट हाउस के अन्दर बन्द करके रिहान एवं असलम पुत्रगण असरफ, लालू एवं दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर मारपीट कर हत्या कर दी है। वादी को दिनांक 03.10.2024 को समय करीब रात्रि 12.00 बजे जरिये मोबाइल फोन उसके भाई की हत्या होने व ट्रामा सेंटर ले जाने की सूचना मिली, तथ्य अंकित हैं। **वादी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना तालकटोरा पर मु0अ0सं0 215/2024 धारा 103(1)/3(5) बीएनएस का अभियोग 03 नामजद व 02 अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कर पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए 01 नामजद मुख्य आरोपी लालू उर्फ सूमेन्द्र को पुलिस हिरासत में लिया गया है। साक्ष्य संकलन व अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।**